## एक नजर में

### ठेकेदार की लापरवाही से तीन साल के मासूम की मौत

**बाड़ी, 19 जनवरी.** रायसेन जिले के बाड़ी नगर में निर्माणाधीन सीएम राइज स्कूल भवन में ठेकेदार की लापरवाही के चलते शुक्रवार को 3 वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई. ठेकेदार द्वारा परिसर में खुले में बनाई गई पानी की टंकी के गड्ढे में खेलते-खेलते बच्ची गिर गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. प्राप्त जानकारी के अनुसार, मृतक बच्ची जबलपुर से काम करने आए मजदूर की 3 साल की बेटी थी. निर्माण स्थल पर किसी भी प्रकार की सुरक्षा व्यवस्था नहीं थी. न तो गड्ढे को ढंका गया था और न ही चेतावनी संकेत लगाए गए थे, जो सीधे तौर पर ठेकेदार की गंभीर लापरवाही को दर्शाता है .घटना के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर प्रकरण दर्ज किया, पोस्टमार्टम कराकर बच्चे का शव परिजनों को सौंप दिया. सबसे चिंताजनक बात यह रही कि इस पूरे घटनाक्रम के दौरान ठेकेदार या निर्माण कंपनी का कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर मौजूद नहीं रहा. गरीब मजदूर परिवार सदमे की हालत में इधर-उधर भटकता रहा. पीड़ित परिवार ने प्रशासन से ठेकेदार और निर्माण एजेंसी पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है .उनका कहना है कि यदि निर्माण स्थल पर सुरक्षा मानकों का पालन किया जाता, तो आज उनकी मासूम बेटी हादसे की शिकार नहीं होती।

### बाड़ी में जनपद कार्यालय प्रांगण में करेंगे जनसुनवाई

**रायसेन, 19 जनवरी.** जिले के विभिन्न अनुभागों से नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जिला मुख्यालय पर ना आना पड़े, इसके लिए कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा अनुभागों में आयोजित होने वाली जनसुनवाई में रोस्टरवार शामिल होकर आमजन की समस्याओं का समाधान किया जाता है। इसी क्रम में कलेक्टर विश्वकर्मा 20 जनवरी मंगलवार को जनपद कार्यालय बाड़ी में प्रात: 11 बजे से जनसुनवाई करेंगे और आमजन की समस्याओं का समाधान करेंगे. उल्लेखनीय है कि आमजन की समस्याओं के समाधान हेतु प्रति मंगलवार को प्रात: 11 बजे से जिला मुख्यालय सहित अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई का आयोजन किया जाता है. कई बार नागरिकों को अपनी समस्याओं के समाधान हेतु जिला मुख्यालय पर आना पड़ता है! नागरिकों की अपनी समस्याओं के समाधान हेतु परेशान ना होना पड़े, इसके लिए कलेक्टर विश्वकर्मा द्वारा यह निर्णय लिया गया है.

### संकल्प से समाधान अभियान का हो प्रभावी क्रियान्वयन

**रायसेन, 19 जनवरी.** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा द्वारा विभागीय गतिविधियों तथा योजनाओं एवं सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिले में संकल्प से समाधान अभियान के तहत आयोजित किए जा रहे शिविरों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविरों के आयोजन की जानकारी नागरिकों तक पहुंचाएं जिससे कि अधिक से अधिक नागरिकों को इनका लाभ मिले. एसडीएम, जनपद सीईओ सहित अन्य अधिकारियों को शिविरों में उपस्थित रहने के लिए निर्देशित किया। बैठक में कलेक्टर ने जिले को कुपोषणमुक्त बनाने के लिए किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए विगत दिनों कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरित किए जाने की जानकारी ली. उन्होंने स्वास्थ्य तथा महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों से कहा कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को लेकर शुरू में बेहतर काम हुआ है, लेकिन अब गति धीमी हो गई है. अधिकारी इसको गंभीरता से लें तथा कार्य में तेजी लाएं. उन्होंने जनसहयोग, समाजसेवी एवं विभिन्न संगठनों के सहयोग से कुपोषित बच्चों को फूड बॉस्केट वितरण कार्य में तेजी लाने और मॉनीटरिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्कूल शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों की जानकारी लेते हुए परीक्षा परिणामों में वृद्धि हेतु किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली. साथ ही जिला अधिकारियों को उन्हें आवंटित शासकीय स्कूलों का निरीक्षण कर बच्चों से संवाद कर उन्हें मोटिवेट करने के लिए निर्देशित किया.

# चौकीदारों का रेडीमेड वर्दी से इंकार

## सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन, कहा- हमें नहीं चाहिए घटिया वर्दी



**बेगमगंज, 19 जनवरी. ग्राम रक्षक, कोटवार चौकीदार संघ के तत्वाधान में रेडीमेड घटिया वर्दी दिए जाने पर विरोध जताते हुए एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार के माध्यम से देखकर विरोध जताते हुए उपलब्ध कराई गई घटिया वर्दी नहीं लेने एवं वर्दी की राशि उनके खातों में डाले जाने को लेकर दिया है।**

ग्राम रक्षक कोटवार चौकीदार संघ के ब्लॉक अध्यक्ष इंद्राज सिंह मठिया के नेतृत्व में मुख्यमंत्री के नाम विज्ञापन तहसीलदार प्रमोद को सौंपते हुए मांग की है कि ग्राम चौकीदार शासन -प्रशासन की एक महत्वपूर्ण कड़ी है जो गांवों में कानून व्यवस्था , सरकारी सूचना के आदानप्रदान सहित सभी प्रकार के कार्यो एवं निर्वाचन में सहयोग दिनरात डियूटी देने के बाद भी उनकी उपेक्षा हो रही है। उन्हें रेडीमेड वर्दी जो दी गई है वह घटिया स्टार के कपड़े से बनी है जिसे वह लोग नहीं लेंगे क्योंकि कपड़ा इतना घटिया है कि एक दो महीने में वर्दी फट जाएगी इसके अतिरिक्त रेडीमेड वर्दी उनके शरीर पर फिट नहीं बैठ रही है किसी को तंग तो किसी को ढीली हो रही है और उसे लेने का उन्हें कोई लाभ नहीं मिलेगा जबकि उतनी राशि में चेष्ठर का कपड़ा लेकर वर्दी बनवाई जा सकती थी सभी ने निर्णय लिया है कि वर्दी वापस करेंगे वह किसी भी कीमत में उसे स्वीकार नहीं करेंगे.

> समस्त चौकीदारों की मांग है कि वर्दी की राशि उनके खातों में डाली जाए ताकि वह अपनी मर्जी से अच्छा कपड़ा लेकर अपने शरीर की फिटिंग के अनुसार वर्दी सिलवा लेंगे. इसलिए उनके खातों में राशि भेजी जाए।



# शासकीय महाविद्यालय में शिवराज ने किया पौधरोपण

## पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत भी रहे उपस्थित

**सिलवानी, 19 जनवरी. नगर के शासकीय महाविद्यालय परिसर में पर्यावरण संरक्षण को लेकर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम आयोजित किया गया. कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर पर्यावरण को हरा-भरा रखने का संदेश दिया।**

इस अवसर पर चौहान ने कहा कि पौधरोपण केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारी जिम्मेदारी है. प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसका संरक्षण भी करना चाहिए।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री रामपाल सिंह राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे.

# 10 मांगों को लेकर किसान करेंगे आंदोलन

## कांग्रेस जिला अध्यक्ष व सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल होंगे शामिल

**सांईखेड़ा, 19 जनवरी. किसानों की ज्वलंत समस्याओं, न्यूनतम समर्थन मूल्य ( एमएसपी ) समेत 10 सूत्रीय मांगों को लेकर किसान कांग्रेस द्वारा विशाल किसान जनसभा एवं किसान जन आंदोलन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है।**

यह यात्रा 20 जनवरी मंगलवार को तहसील बेगमगंज तथा 21 जनवरी बुधवार को सिलवानी नगर में आयोजित होगी जिसमें सैकड़ों किसान शामिल होकर सरकार के खिलाफ अपनी आवाज बुलंद करेंगे. जनसभा में मुख्य अतिथि के रूप में कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं सिलवानी विधायक देवेंद्र पटेल शामिल होकर किसानों को संबोधित करेंगे. कार्यक्रम का आयोजन जिला किसान कांग्रेस रायसेन के तत्वावधान में किया जा रहा है। किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत सिंह ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि किसानों को खेती की लागत लगातार बढ़ रही है जबकि फसलों के दाम गिरते जा रहे है। इससे किसान आर्थिक संकट में फंस गये है लेकिन सरकार किसान हितों की लगातार अनदेखी कर रही है. उन्होंने कहा कि जब तक किसानों को उनकी उपज का वाजिब दाम नहीं मिलेगा तब तक आंदोलन जारी रहेंगे।

> **किसानों को भारी हो रहानुकसान**
>
> सोयाबीन की एमएसपी 6000 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित करने की मांग की है. किसानों का आरोप है कि प्रोजेक्ट बाली धान को व्यापारी औने,पौने दामों पर खरीद रहे हैं जिससे किसानों को भारी नुकसान हो रहा है। बीज, खाद की समस्याएं भी शामिल किसान नेता राजा धर्मवीर सिंह ने बताया कि आदिवासी क्षेत्रों में वन भूमि के पट्टों की लंबित समस्या गंभीर बनी हुई है।

# पशुपालन को लेकर चलेगा जागरूकता अभियान

## राज्य, जिला एवं विकासखंड स्तर पर आयोजित की जाएंगी विभिन्न गतिविधियां

**रायसेन, 19 जनवरी. भारत सरकार के मत्स्यपालन, पशुपालन एवं डेयरी विभाग द्वारा पशुपालकों, किसानों, छात्र-छात्राओं को पशुपालन एवं डेयरी से संबंधित योजनाओं एवं पशु कल्याण के बारे में जागरूक करने के लिए पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जा रहा है।**

जो 13 फरवरी 2026 तक चलेगा. केंद्रीय पशुपालन एवं डेयरी विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश में भी पशुपालन एवं पशु कल्याण जागरूकता माह का आयोजन किया जाएगा. एक माह तक चलने वाले कार्यक्रम को लेकर संचालक पशुपालन एवं डेयरी डॉ. पीएस पटेल ने सभी जिलों को निर्देश भी जारी कर दिए हैं. संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने बताया कि यह अभियान राज्य, जिला एवं विकासखण्ड स्तर पर विभिन्न जागरूकता एवं हितग्राही मूलक गतिविधियों के माध्यम से संचालित होग।

अभियान के अंतर्गत पशुकल्याण, पशु चिकित्सा सेवाओं, उन्नत पशुपालन, डेयरी, बकरी एवं मुर्गी पालन से संबंधित योजनाओं के साथ ही केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा पशुपालन से संबंधित चलाई जा रही हितग्राही मूलक योजनाओं के बारे में पशुपालकों को जागरूक किया जाएगा. इसके लिए संगोष्ठियां, ऑनलाइन वेबिनार, युवा संवाद, गोशालाओं एवं पशु कल्याण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जिले एवं विकासखण्ड स्तर पर सभी वेट्स-पेरावेट्स, गोसेवक-मैत्री कार्यकर्ता, कृषि विज्ञान केंद्र, राज्य पशुधन एवं कुक्कुट विकास निगम, दुग्ध संघों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वसहायता समूहों के सदस्य एवं पशु-सखी के समन्वय से अभियान का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

# किसानों को ई-टोकन से उर्वरक मिलना प्रारंभ

## किसानों द्वारा 2856 टोकन बुक कराये गये

**रायसेन, 19 जनवरी. रायसेन जिले में किसानों को सुगमता पूर्वक उर्वरक वितरण के लिये कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा के निर्देशन में उर्वरक वितरण के लिए ई-विकास ( वितरण एवं कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान ) प्रणाली ( ई-टोकन ) जिले में 15 जनवरी से लागू किया गया है।**

किसानों द्वारा उर्वरक खरीदी के लिए ई-विकास पोर्टल के माध्यम से ई-टोकन बुकिंग प्रक्रिया का क्रियांवयन शुरू किया गया है. जिसके अंतर्गत सोमवार 19 जनवरी तक किसानों द्वारा 2856 टोकन बुक कराये गये, जिनमें से 1761 टोकन उपयोग कर खाद प्राप्त कर लिया गया है। इस प्रणाली के तहत किसानों को पंजीयन के उपरांत उर्वरक प्राप्ति के लिये एक ई-टोकन जारी किया जाता है. इस टोकन मे किसान का नाम पंजीयन क्रमांक उर्वरक का प्रकार एवं मात्रा वितरण केन्द्र का नाम, निर्धारित तिथि एवं समय अंकित होता है. यह टोकन एस. एम. एस मोबाईल ऐप या वेब पोर्टल के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है.

> किसान निर्धारित समय पर संबंधित उर्वरक केन्द्र से उर्वरक प्राप्त कर सकते हैं. यह ई-टोकन 72 घंटे तक वैध रहता है. इस प्रणाली के तहत प्रत्येक वितरण का डिजिटल रिकार्ड रहता है जिससे वितरण में पारदर्शिता रहती है किसानों से आग्रह किया गया है कि जिन किसानों की फार्मर आईडी नहीं बनी हैं वह अपने क्षेत्र के पटवारी या तहसील मे संपर्क पर अपनी फार्मर आईडी बनवा लें, जिन किसानों की भूमि एमपी स्टैक से नहीं जुड़ी है या कृषक भूमीहीन है तथा कृषि भूमि किराये या सिकमी या कौली पर लेकर खेती कर रहे हैं.

# पुरातन जमदग्नि कुंड में किया हवन

- श्रीराम बाबा के भक्तों द्वारा हवन पूजन किया



**उदयपुरा, 19 जनवरी. मंडला के नजदीक देवगांव नर्मदा संगम तट पर महान् परमहँस संत श्रीराम बाबाजी द्वारा पुनर्जीवित किये गए महर्षि जमदग्नि द्वारा बनाए गये पुरातन हवन कुंड में 18 जनवरी 2026,रविवार को श्रीराम बाबा के भक्तों द्वारा हवन पूजन का आयोजन किया गया।**

इस धार्मिक अनुष्ठान के सूत्रधार देवगांव के निवासी सुशील झारिया ने बताया कि परमहंस संत श्रीराम बाबाजी ने पृथ्वी के नीचे दबे हुए इस हवन कुंड को खुदाई कराकर निकलवाया एवं इस हवन कुंड का जीर्णोद्धार कराकर पिछले सालों में इसी 18जनवरी को असंख्य नारियलों और शुद्ध घी की आहुति देकर हवन पूजन और अनुष्ठान संपन्न कराया था. उस समय कई बोरे नारियलों से आहुति हवन कुंड में समर्पित की गई थी. महाराज जी के देवलोक गमन के बाद उनके भक्तों द्वारा उसी परंपरा का पालन हर वर्ष 18 जनवरी को किया जा रहा है.विद्वान पंडितों के सानिध्य में यह धार्मिक अनुष्ठान हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया. हवन पूजन के पश्चात भंडारे में क्षेत्र के हजारों नरनारियों एवं दूर दूर से इस धार्मिक अनुष्ठान में आये श्रीराम बाबाजी के भक्तों ने भोजन प्रसाद ग्रहण किया. इस धार्मिक कार्यक्रम में गुड्डा बाबा के अलावा बेगमगंज से राजकुमार पाराशर, अनिल रघुवंशी ,महेंद्र शर्मा शिक्षक, गंजबासौदा, और रायपुर से वरुण श्रीवास्तव इस धार्मिक अनुष्ठान में शामिल हुए. अधिकांश भक्त अपने साथ एक एक बोरी नारियल लाये थे, जिन्हें उन्होंने वेदमंत्रों के साथ आहुति के रूप में हवनकुण्ड में छोड़ दिया. उल्लेखनीय है कि उक्त जमदग्नि ऋषिवर का हवनकुण्ड मंडला के पास देवगांव में नर्मदा और गुडनेर नदी के संगम स्थल पर स्थित है. क्षेत्रवासियों द्वारा गुडनेर नदी को बूढ़ी नदी कहा जाता है।

# स्कूली छात्रों को दिलाई नशे से दूर रहने की शपथ

## विहिप, दुर्गा वाहिनी का नशामुक्ति अभियान

- नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए निरंतर यास
- समाज के वरिष्ठजनों ने सराहनीय पहल

**सिलवानी, 19 जनवरी. विश्व हिन्दू परिषद एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में सिलवानी प्रखंड के अंतर्गत विभिन्न विद्यालयों में नशा मुक्ति को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया।**

इस अभियान के तहत सरस्वती शिशु मंदिर, सांदीपनि विद्यालय, कन्या शाला, गुरुकुल, मां शारदा सहित अन्य शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई. कार्यक्रम के दौरान विहिप एवं दुर्गा वाहिनी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों को बताया कि नशा न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है. विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया गया कि वे सभी प्रकार के नशे से दूर रहेंगे तथा नशामुक्त समाज की स्थापना के लिए निरंतर प्रयास करेंगे. साथ ही यह संदेश भी दिया गया कि भारत के उज्ज्वल भविष्य को नशे की चपेट में आने से बचाना हम सभी की जिम्मेदारी है। इस अभियान को शिक्षकों एवं समाज के वरिष्ठजनों ने सराहनीय पहल बताते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम बच्चों को सही दिशा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं. कार्यक्रम में विभाग सह संयोजिका महिमा दुबे, प्रखंड संयोजिका रिया सोनी के साथ मनु तिवारी, सलोनी मेहरा, शिवानी मेहरा सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहीं।

**आंदोलन** | नियमितीकरण, मानदेय व एरियर भुगतान की मांग

# सामान्य निर्वाचन के आउटसोर्स कर्मचारी हड़ताल पर



**रायसेन, 19 जनवरी. जिले में कार्यरत सामान्य निर्वाचन के समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न लंबित मांगों को लेकर सोमवार 19 जनवरी 2026 से पांच दिवसीय सामूहिक हड़ताल प्रारंभ कर दी है।**

कर्मचारियों ने यह कदम सामान्य निर्वाचन कार्यों एवं विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 (एसआईआर) के दौरान अत्यधिक कार्यभार, लंबित भुगतान तथा शासन स्तर पर कोई ठोस कार्रवाई न होने के विरोध में उठाया है। आउटसोर्स कर्मचारियों का कहना है कि वे वर्ष 2017-18 से लगातार पूरी निष्ठा और मेहनत के साथ निर्वाचन संबंधी कार्यों में सेवाएं दे रहे हैं. वर्तमान में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 के अंतर्गत कर्मचारियों से दिन-रात कार्य कराया जा रहा है, जिससे वे मानसिक रूप से अत्यधिक प्रभावित हैं।

लगातार कार्य के दबाव के कारण कर्मचारियों को अपने परिवार को भी पर्याप्त समय नहीं मिल पा रहा है। कर्मचारियों ने बताया कि 11 माह का एरियर भुगतान अब तक नहीं किया गया है, जबकि इस संबंध में श्रम आयुक्त इंदौर एवं उच्च न्यायालय जबलपुर द्वारा स्पष्ट निर्देश दिए जा चुके हैं. इसके बावजूद शासन अथवा मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी स्तर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे कर्मचारियों में भारी रोष व्याप्त है। हड़ताल में महेन्द्र रघुवंशी (जिला प्रोग्रामर), कुलदीप दायमा, हरिओम सिंगरोलिया, कौशल कुशवाहा (सहायक प्रोग्रामर), वरुण बिल्लोरी, धर्मेंद्र लोधी, सुल्तान खान (कम्प्यूटर ऑपरेटर - सांची विधानसभा), सुदीप तिवारी (सहायक प्रोग्रामर - सिलवानी विधानसभा), अभिलाष खरे, इरशाद खान, यदुवेन्द्र शाक्या (कम्प्यूटर ऑपरेटर - सिलवानी विधानसभा), प्रदीप अहिरवार (सहायक प्रोग्रामर - उदयपुरा विधानसभा), राजेश कुमार कुशवाहा, पप्पू परिहार (कम्प्यूटर ऑपरेटर - उदयपुरा विधानसभा), राजेश कुशवाहा (सहायक प्रोग्रामर - भोजपुर विधानसभा), कमलेश लोधी, प्रमोद लोधी एवं मिथुन मेहरा (कम्प्यूटर ऑपरेटर - भोजपुर विधानसभा) शामिल हैं।

> **कर्मचारियों की प्रमुख मांगें**
>
> ■मानदेय का भुगतान सीधे कर्मचारियों को किया जाए, फर्म प्रथा समाप्त की जाए.
>
> ■हाईकोर्ट के निर्देशानुसार 11 माह का एरियर तत्काल भुगतान किया जाए.
>
> ■कार्यालयीन समय से अधिक कार्य कराने पर अतिरिक्त समय का मानदेय दिया जाए.
>
> ■योग्यता एवं पद के अनुरूप कार्य निर्धारण सुनिश्चित किया जाए.
>
> ■शैक्षणिक योग्यता, कार्य अनुभव एवं वरिष्ठता के आधार पर संविदा/नियमितीकरण का लाभ प्रदान किया जाए।

# बलवा, हत्या के प्रयास के 7 आरोपी गिरफ्तार

## सलामतपुर क्षेत्र में क्रिकेट मैच के दौरान हुई कहासुनी के बाद किया था हमला

**सलामतपुर, 19 जनवरी. थाना सलामतपुर क्षेत्र में क्रिकेट मैच के दौरान हुई कहासुनी के बाद हुए गंभीर बलवा और हत्या के प्रयास के मामले में सलामतपुर पुलिस ने 18 घंटे के भीतर 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।**

जानकारी के अनुसार, 18 जनवरी को फरियादी विशेष शाक्या (18) निवासी ग्राम अंबाड़ी अपने साथियों के साथ ग्राम हिनोतिया में क्रिकेट मैच खेलने गया था. मैच समाप्त होने के बाद दोपहर लगभग 2 बजे वह हर्षित साहू और जितेंद्र शाक्या के साथ एक ही बाइक से वापस लौट रहा था. जब वे ग्राम बासियां के आगे ईंट-भट्टे के पास पहुंचे, तभी ग्राम सत्ती निवासी सोहेब खां, राशिद खां, मुशर्रफ खां, मुबारिक खां, तोहिद खां, उसका छोटा भाई एवं अन्य लोगों ने रास्ता रोक लिया. सभी आरोपी डंडे और धारदार हथियारों से लैस थे. क्रिकेट मैच के दौरान हुई पुरानी कहासुनी को लेकर आरोपियों ने एक राय होकर जान से मारने की नीयत से फरियादी और उसके साथियों पर हमला कर दिया. इस हमले में फरियादी एवं उसके साथी गंभीर रूप से घायल हो गए. घटना की सूचना मिलने पर जब अभिषेक मीणा, मयंक साहू, राहुल मीणा, रवि लोधी, अजय वंशकार, पन्नालाल जाटव, मोनु साहू सहित अन्य लोग मौके पर पहुंचे तो आरोपियों ने उनके साथ भी लाठी-डंडों और धारदार हथियारों से मारपीट की. कई लोगों को सिर, हाथ-पैर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोटें आईं. घटना को राहगीरों एवं ईंट-भट्ठे पर कार्यरत मजदूरों ने भी देखा. फरियादी की रिपोर्ट पर थाना सलामतपुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई.

> पुलिस अधीक्षक रायसेन आशुतोष गुप्ता के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कमलेश कुमार खरपूसे के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी रायसेन नीलम चौधरी के नेतृत्व में थाना प्रभारी सलामतपुर उपनिरीक्षक दिनेश रघुवंशी द्वारा विशेष टीम गठित की गई. मुखबिर की सूचना के आधार पर आरोपियों को चिन्हित कर दबिश दी गई, जहां से 7 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म स्वीकार किया है. गिरफ्तार किए गए आरोपियों में मुबारिक खां (57), निवासी ग्राम सत्ती, तोहिद खां (19), निवासी ग्राम सत्ती, परवेज खां (19), निवासी ग्राम सत्ती, निवासी ग्राम सत्ती, राशिद खां (34), निवासी ग्राम सत्ती और दो नाबालिग शामिल हैं।